# कांगथली में बन रहा नकली देसी घी, पनीर व दूध, गृहमंत्री के निर्देश पर डीएफएसओ ने मारा छापा




अंबाला : कैथल के कांगथली गांव में मिलावटी व नकली देसी घी, पनीर एवं दूध बनाया जा रहा है जो आमजन के लिए काफी घातक हो सकता है। यह कारोबार पिछले कुछ समय से चल रहा है। उक्त जानकारी जैसे ही शिकायतकर्ता ने हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को दी तो मंत्री ने तुरंत एफडीए विभाग को कार्रवाई के निर्देश दे दिए। वहीं विभाग ने भी मामले की गंभीरता को देखत हुए तुरंत कांगथली में छापा मारकर देसी घी जब्त कर लिया और अन्य खाद्य पदार्था के सैंपल लिए। रविवार सुबह छावनी स्थित शास्त्री कालोनी आवास पर राज्य के गृहमंत्री प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान कैथल से आए व्यक्ति ने कांगथली गांव में मिलावटी व नकली देसी घी, पनीर एवं दूध बनाने की शिकायत दी। गृह मंत्री के निर्देश के महज चंद घंटों के बीच ही रविवार दोपहर को विभागीय टीम ने कांगथली में छापा मारा और देसी घी, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के सेंपल लिए। वहीं 240 किलोग्राम देसी घी को जब्त किया। गौरतलब है कि राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के पास खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग का भी प्रभार है। मिलावटी देसी घी, पनीर व अन्य पदार्थ बनाकर सप्लाई करने की शिकायत मिलते ही गृह मंत्री विज ने एफडीए विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर कैथल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी (डीएफएसओ) डा. राजीव के नेतृत्व में एनडी शर्मा व अन्य स्टाफ ने कांगथली में छापा मारा। टीम को यहां काफी मात्रा में देसी घी, पनीर, पाउडर मिल्क एवं अन्य सामान मिला।

Source: https://www.jagran.com/haryana/ambala-fake-desi-ghee-cheese-and-milk-being-made-in-kangthali-dfso-raided-on-the-instructions-of-the-home-minister-22880671.html